तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 06 अक्टूबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 माता वैष्णो देवी पर्रापाठ पहाड़ी में 71 ज्योत प्रज्ज्वलित...





12 बागबाहरा पुलिस स्वयं की रक्षा नहीं कर पा रही...




# व्यावसायिक शिक्षा कंपनियों के भरोसे, जिले में नहीं एक भी नियमित शिक्षक

## जिले के 40 स्कूलों में नियमित सरकारी शिक्षक नहीं, सालाना लाखों हो रहा खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्कूल, कॉलेज से निकलने वाले विद्यार्थियों को डिग्री, डिप्लोमा के साथ ही हुनरमंद बनाने के लिए जिले सहित प्रदेश में चलाए जा रहे व्यावसायिक शिक्षा कंपनियों के मार्फत चलाई जा रही है। जिले के करीब 40 स्कूलों में चल रही व्यावसायिक पाठ्यक्रम में एक भी नियमित सरकारी शिक्षक नहीं है। इसलिए, शासन को बाहरी कंपनी को ठेके पर देकर इस पाठ्यक्रम को संचालित करना पड़ रहा है, जिसके लिए सलाना लाखों रुपए खर्च हो रहा है।

ज्ञात हो कि जिले में 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इनमें एग्रीकल्चर से लेकर इलेक्ट्रानिक्स एंड हार्डवेयर और हेल्थ केयर आदि पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के जरिए कौशल विकास के लिए केंद्र सरकार की ओर से पर्याप्त बजट भी दिया जा रहा है। इसके बाद भी वर्तमान में व्यावसायिक शिक्षा पढ़कर निकलने वाले विद्यार्थियों को कुछ जगहों पर रोजगार तो मिल रहा। लेकिन, उन्हें अपनी आगे की पढ़ाई संबंधित ट्रेड में ही पूरी करने के लिए पर्याप्त शिक्षण व्यवस्था का अभाव है। पढ़ाई के लिए प्रदेश स्तर पर दूसरे राज्यों की कंपनियों को काम सौंपा गया है जो कि युवाओं को स्थानीय युवाओं की ही भर्ती करते हुए काम चला रही है।

### पर्याप्त प्रशिक्षण व्यवस्था का अभाव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुसार स्कूली शिक्षा में कुछ हद तक व्यवस्था ठीक है। लेकिन यहां शिक्षा की जिम्मेदारी सरकारी न होकर निजीकरण की ओर जा रही है। अनुबंधित कंपनियां प्रशिक्षणार्थियों को अपने हिसाब से ही काम करने का अवसर दे रहीं। इन प्रशिक्षणार्थियों को भी नियमित शिक्षकों की तरह समय-समय पर प्रशिक्षण आदि की जरूरत होती है। लेकिन, ऐसा नहीं हो पा रहा है।




### निजीकरण के चलते चरमरा गई

जानकारी के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा की पढ़ाई आउटसोर्सिंग के चलते प्लेसमेंट कंपनियां अनुबंध के तहत दो माह का वेतन एडवांस में देने के लिए बाध्य हैं। ऐसा नहीं किए जाने पर प्लेसमेंट कंपनियों पर कार्रवाई करने का प्रावधान भी है। इसके बाद भी जिले में व्यवस्था चरमरा गई है। प्रशिक्षण देने वाले स्टाफ को हर महीनें वेतन नहीं मिलता। कई बार तो तीन माह तक सैलरी रोक दी जाती है।

## आस्था : देवी मंदिरों, पंडालों में प्रज्वलित ज्योत से जगमगा रहा शहर

# बिरकोनी में कनाडा और फीनिक्स के श्रद्धालुओं ने भी जलवाए ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्रि

- जगह-जगह देवी भागवत, माता सेवा गीत, कीर्तन, भजन का आयोजन

का शुभारंभ गुरुवार को घट स्थापना व मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने के साथ प्रारंभ हो गया। मंदिरों में भक्तों ने मनोकामना ज्योत प्रज्वलित कराई है जिनमें देश से बाहर रहने वाले भारतीय मूल के लोग भी शामिल रहें। इन दिनों शक्तिपीठों सहित सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में हर शाम से ही मृदंग के थापों के साथ माता सेवा (जसगीत) के गायन से शहर सहित अंचल मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो गया है। बता दें कि जिले के सभी देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही मनोकामना ज्योत जलाई गई है। जानकारी के अनुसार कुलदेवी मां महामाया मंदिर में इस साल 2284 ज्योत प्रज्वलित कराई गई है। इसी तरह मां शीतला मंदिर में 154, मां दुर्गा मंदिर बरोंडा चौक में 351, मां शारदा मंदिर तुमगांव रोड में 165, मां रामेश्वरी मंदिर स्टेशन रोड में 291 ज्योत प्रज्वलित कराई गई है। इसी तरह अंचल के अधिकांश मंदिरों में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई है। श्रद्धालुओं ने नौ दिनों का उपवास शुरू कर दिया है। जगह-जगह देवी भागवत, माता सेवा गीत, कीर्तन, भजन आदि चल रहे हैं।



### घुंचापाली चंडी में 7500, भीमखोज खल्लारी में 2321 ज्योत प्रज्वलित

श्री चंडी माता मंदिर घुंचापाली में श्रद्धालुओं ने 7500 मनोकामना ज्योति एवं माँ खल्लारी मंदिर में 2321 मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित कराए हैं। यहां प्रमुख यजमान व समिति पदाधिकारियों ने मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित कर पर्व का शुभारंभ कराया। खल्लारी स्थित खल्लारी माता मंदिर (पहाड़ी वाली) में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने प्रथम मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया तथा नीचे माता मंदिर में संतोष अग्रवाल ने ज्योति प्रज्जवलित कर पर्व का शुभारंभ किया। पहाड़ी वाले मंदिर में 1635 एवं नीचे स्थित मंदिर में 686 ज्योति कुल 2321 ज्योति दोनों मंदिरों में श्रद्धालुओं ने प्रज्जवलित कराए हैं। यहां प्रथम दिन से श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है।

### बिरकोनी चंडी मंदिर में अमेरिका, कनाडा निवासी ने जलवाया ज्योत

जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी में प्रसिद्ध मां चंडी मंदिर में इस साल 1863 सामान्य ज्योत, 150 आरक्षित ज्योत और 50 आजीवन ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। पदाधिकारियों ने बताया कि इस साल विदेश में रह रहे भारतीय मूल निवासियों ने भी मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित कराई है। इनमें फीनिक्स निवासी श्रीमती बेला पति अशोक वर्मा, श्रीमती प्रणीशा पति आकाश वर्मा और कनाडा निवासी ईरा राव पिता रोहित राव शामिल हैं।

# जिला चिकित्सालय में तोड़फोड़ आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय जिला चिकित्सालय एक व्यक्ति द्वारा तोड़फोड़, हंगामा कर अस्पताल स्टाफ से अभ्रदता किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिटी कोतवाली में किए शिकायत में प्रार्थी व अस्पताल में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 प्रणय खरे बताया शुक्रवार की दोपहर 3:30 बजे देवेंद्र राजपूत पिता देवसिंग राजपूत ग्राम बरोंडा बाजार अपने नवजात पुत्र उम्र 1 दिवस को जैन नर्सिंग होम महासमुंद से लेकर आया। जिसका परीक्षण नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, स्थानीय चिकित्सालय में ड्यूटी में कार्यरत चिकित्सक डॉ निधि शर्मा द्वारा किया गया तथा ओपीडी पर्ची में चिकित्सक के मरीज का परीक्षण अनुसार नवजात शिशु मृत अवस्था में चिकित्सालय में लाया गया था, जिसकी जानकारी चिकित्सक द्वारा देवेंद्र राजपूत को दी गई। जिस पर देवेंद्र राजपूत बदहवास तथा आक्रामक हो गया तथा चिकित्सक एवं वहां उपस्थित महिला गार्ड के साथ गाली-गलौच व अभद्रता करने लगा एवं चिकित्सालय में लगे पार्टीशन के कांच को हाथ से मार कर तोड़ दिया गया। पार्टिशन के दूसरी ओर अन्य नवजात बच्चे थे, जिनकी जान खतरे में आ गई थी। अन्य गार्डों द्वारा उसे जब चिकित्सालय के बाहर ले जाया गया, तब वह लगातार उनसे हाथापाई करते हुए गाली-गलौच करने लगा। पुलिस ने आरोपी शख्स पर धारा 3 एलसीसी, 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।



### शराब पीने की सुविधा दे रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने ग्राम गोपालपुर में एक आरोपी को उसके घर परछी में अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गोपालपुर का उमेश गुप्ता अपने घर-दुकान के परछी में लोगों को अवैध शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। पुलिस ने मामले में उमेश गुप्ता पिता रामस्वारथ गुप्ता (32 साल), निवासी ग्राम गोपालपुर के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्धकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

## खबर संक्षेप

### 7 लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना थाना पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों से अवैध शराब के साथ दो लोगो को पकड़ा है। पुलिस ने बताया है कि गढ़फुलझर से ग्राम बडेडाभा जाने के मार्ग से आरोपी मुनीराम रात्रे पिता ध्यानिक रात्रे (55 साल) बडे डाभा के कब्जे से 3 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है एवं आरोपी पूर्णचंद यादव पिता शुकलाल यादव (56 साल) लमकेनी से 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 800 रुपए को जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### हर्राटार में महिला के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज



**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम हर्राटार में महिला के साथ मारपीट के आरोप में पति और सास-ससुर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। ग्राम हर्राटार निवासी जशोदा सिदार (19) ने पुलिस को बताया कि 10 मई 2024 को उसकी शादी अजय सिदार के साथ हुई है। शादी के बाद पति अजय सिदार परिवारिक बातों को लेकर झगड़ा विवाद करने लगा। 3 अक्टूबर 2024 को पारिवारिक बातों को लेकर पति, सास, ससुर ने महिला के साथ मारपीट और झगड़ा विवाद किया। वर्तमान में वह गर्भवती है मारपीट के दौरान लात से मारने से पेट में चोट लगी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में आरोपी अजय सिदार, दिलीप सिदार और रूकमणि सिदार के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## मां




**महासमुंद।** स्थानीय गंजपारा स्थित सार्वजानिक गुरुगादि शक्तिपीठ में हो रहे भक्तो को दुर्गा मां के नौ रूपों में दों स्वरुपों के दर्शन।

# पिकअप वाहन की ठोकर से बाइक सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बागबाहरा से ग्राम कसेकेरा रोड भुंजिया पारा, बकमा के पास पिकअप वाहन की ठोकर से बाइक सवार के घायल एवं बाइक क्षतिग्रस्त होने के मामने में बागबाहरा थाना में शिकायत दर्ज कराई गया है। पुलिस को प्रार्थी खोमन लाल साहू पिता जीवराखन साहू ग्राम टोंगोपाली का निवासी ने बताया कि 29 सितंबर को मेंरे पिता जीवराखन साहू घर के काम से मोटर सायकल से बागबाहरा गए थे। बागबाहरा से रिश्तेदार चंदा साहू के साथ वापस टोंगोपाली जा रहे थे, जैसे ही बकमा के आगे भुंजिया पारा के पास पहुंचे थे कि टोंगोपाली की ओर से आ रहे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-04-एलके -3851 के चालक द्वारा मेंरे पिता के मोटर सायकल को ठोकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेंरे पिता के चोट आई तथा मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने मामले की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# 24 घंटे बाद भी अपचारी बालकों का सुराग नहीं, पुलिस की चार टीम जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रहरियों को गंभीर तौर पर घायल कर एक दिन पहले फरार हुए अपचारी बालकों का 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नही मिल पाया है। बता दें कि बरौंडाबाजार स्थित बाल संप्रेषण गृह से फरारी की यह पहली घटना नही है। हालांकि, पुलिस का दावा है कि इन बालकों के संबंध में बम्हनी होते ही गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर क्षेत्र में जाने की सूचना है, जिसके आधार पर इनकी पतासाजी की जा रही है। नाइट अटेंडेंट एवं नगर सैनिक के सिर पर पत्थर से गंभीर वार कर घायल करने के बाद चोरी, अनाचार और गांजा तस्करी के मामले में सुधार गृह भेजे गए 4 अपचारी बालक बरोंडाबाजार स्थित बाल संप्रेषण गृह से फरार हो गए। सुबह 5-6 बजे हमला करने के बाद उन्होनें मेन गेट की चाबी ली और फरार हो गए। इधर, पुलिस की चार टीम गठित कर चारों की पतासाजी की जा रही है। 24 घंटे घंटे बाद भी अब क किसी का कोई सुराग नही मिला। मिली जानकारी के अनुसार फरार चारों अपचारी बालको मे 02 चोरी, 01 रेप एवं 01 गांजा तस्करी मामले मे बाल संप्रेक्षण गृह लाए गए 02 अपचारी बालक गरियाबंद, 01 बलौदाबाजार एवं 01 सरायपाली महासमुंद के निवासी हैं। जिस पर चोरी, बलात्कार एवं गांजी तस्करी के आरोप है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने बताया कि बाल संप्रेषण गृह से फरार चारों अपचारी बालकों की पतासाजी करने पुलिस की टीम लगातार जुटी हुई है। कुछ सुराग भी मिले हैं, जिसके आधार पर पुलिस की खोजबीन जारी है। शीघ्र ही पुलिस उन तक पहुंच जाएगी।

### पति-पत्नी को चाकू से वार कर किया घायल

**महासमुंद।** पति-पत्नी के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल करने के मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि बसना के गुप्ता होटल के पास वार्ड नं 04 बसना निवासी संतोष चौलिक गुप्ता होटल में काम करता है। 4 अक्टूबर की सुबह करीब 7:10 बजे संतोष की पत्नी रेशमा चौलिक बच्चों को कन्या शाला स्कूल पढ़ने के लिए छोड़ने जा रही थी, उसे तभी गुप्ता होटल में सागर गुप्ता मिला, जिसे रेशमा ने कहा कि मेंरे पति से आप बेवजह झगड़ा विवाद क्यों करते हो। इस पर आरोपी सागर गुप्ता तुम कौन होती हो मुझे समझाने वाली कहकर गंदी-गंदी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए बाल को खींचकर मारने लगा व अपने पास रखे चाकू से पीठ पर हमला कर दिया। इसी दौरान प्रार्थी संतोष जब अपनी पत्नी को बचाने के लिए गया, आरोपी सागर गुप्ता ने उसे भी गाली गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। मारपीट से पति-पत्नी घायल हो गए। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## ज्वेलरी एवं इलेक्ट्रानिक सामानों की हो रही खूब बिक्री

# नवरात्रि पर्व के कारण दुकानों में बढ़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शादी सीजन की समाप्ति और मानसून के आते ही बाजार में छाई वीरानी नवरात्रि के शुरू होते ही छंटने लगी है। नवरात्रि के साथ ही ज्वेलरी से लेकर इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल्स सहित अन्य दुकानों में ग्राहकी बढ़ने लगी है। इलेक्ट्रानिक सामानों की बिक्री में भी काफी तेजी आ गई है। पर्व के चलते कंपनियों द्वारा छूट का लाभ ग्राहकों को दिया जा रहा है। ज्वेलरी के दुकानों में भी अन्य दिनों की अपेक्षा सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदी करने वालों की भीड़ उमड़ रही है।

ज्ञात हो कि 3 अक्टूबर से नवरात्रि का पर्व शुरू हो जाने के साथ ही बाजार में भी चहल-पहल बढ़ गई है। सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक दुकानों में ग्राहकों की अच्छी भीड़ दिखाई देने लगी है। पंचमी तिथि के दिन अधिक से अधिक सामानों की खरीददारी की जाएगी, जिसके चलते व्यापारी भी अपने दुकानों की साज-सज्जा में जुट गए हैं। ऑटोमोबाइल सहित इलेक्ट्रानिक दुकानों में अभी से ही सामान बुक कराए जा रहे हैं। इस बार कंपनियों द्वारा छूट का लाभ ग्राहकों को दिया जा रहा है। मनीष इलेक्ट्रिकल्स के संचालक मनीष शर्मा ने बताया कि इस बार भी ग्राहकों के लिए विभिन्न कंपनियों द्वारा इलेक्ट्रानिक्स सामानों की भरपूर रेंज उपलब्ध कराई जा रही है। छूट का भी लाभ दिया जा रहा है। टीवी से लेकर अन्य सामानों की खरीददारी करने पर उपहार भी दिए जा रहे हैं। सराफा बाजार में भी रौनक लौटी है। सोने तथा चांदी की कीमतों में तेजी तो आई है।



### समय के साथ डिजाइनों में बदलाव

नवरात्रि पर्व के चलते सोने-चांदी के आभूषणों की भी अधिक से अधिक खरीदी की जा रही है। समय के साथ ज्वेलरी की डिजाईनों में भी काफी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। अमन ज्वेलर्स के संचालक पूनम चंद बरड़िया का कहना है कि ग्राहकों के मुताबिक सोने और चांदी के आभूषण तैयार कराए गए हैं। चैन, नेकलेस से लेकर हार, अंगूठी सहित अन्य सामानों की अधिक से अधिक बिक्री हो रही है।

### पंचमी को लगेगा खरीदारों का मेला

शहर के व्यापारी नवरात्रि की पंचमी तिथि का बेसब्री से इंतजार कर रहें। दरअसल, पंचमी को खरीदारी के लिए शुभ मुहुर्त माना जाता है। इस वर्ष की नवरात्रि में दो दिनों तक पंचमी है। 7 और 8 अक्टूबर को दो दिन पंचमी तिथि पड़ रही है। इसलिए, व्यापारी भी अच्छे व्यवसाय की उम्मीद लगाए बैठे हैं। हालांकि, धान की फसल को अभी समय है। इसलिए, ग्रामीण अंचल से कम खरीददारी हो सकती है।

### बाइक की ठोकर से छह साल का बच्चा घायल

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के शिव मंदिर के सामने पदमपुर रोड के पास छह साल के बच्चे को बाइक चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मारकर घायल कर दिया। प्रार्थी विजय दास ने पुलिस को बताया कि 3 अक्टूबर की सुबह 10.30 बजे के आसपास मेरी मां जावा बाई मेंरे पुत्र उपेंद्र दास (6 साल) शिव मंदिर पदमपुर रोड बसना जा रहे थे। शिव मंदिर के पास जगदीशपुर रोड की ओर से आ रहे बाइक सीजी 06 जीयू 8163 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेंरे पुत्र उपेंद्र दास को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से बच्चे के दोनों पैर, दोनों हाथ एवं चेहरे में चोट लगी है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।


पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए हाईस्कूल रोहिना प्राचार्य सम्मानित

**सरायपाली।** अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा अंजोर भारत छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित स्व प्रेमसिंह साव आदर्श शिक्षक सम्मान समारोह में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने के लिये शासकीय हाई स्कूल रोहिना प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल को मुख्य अतिथि विधायक डॉ संपत अग्रवाल के हाथों शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया एवं इस अवसर पर समिति के संस्थापक सदस्य के रूप में व्याख्याता कमलेश साहू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### शतरंज स्पर्धा के मुख्य संयोजक बनाए गए हेमंत

**महासमुंद।** एकलव्य आदर्श



आवासीय विद्यालयों के लिए राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2024 मध्य क्षेत्र संभाग क्रमांक 02 स्तर शतरंज स्पर्धा का आयोजन आगामी 7 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया जा रहा है। इस आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पिथौरा के हेमंत खुटे को मुख्य संयोजक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास निगम ने नियुक्त किया है।

### प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात

**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के सफलता पूर्वक विराम होने पर आज प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने तक ये यात्रा जारी रहेगी।

### शिक्षा व्यवस्था : राष्ट्रीय स्तर पर परख परीक्षा की तैयारी

# शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए बढ़ते कदम योजना, हुई तिमाही परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर बनाने और बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने के उद्देश्य से महासमुंद जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में बढ़ते कदम योजना का संचालन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत ने बताया कि इस योजना के तहत कक्षा पहली से बारहवीं तक की एकीकृत तिमाही परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जो 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक जिले के सभी सरकारी स्कूलों में संचालित है। प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हाई-हायर सेकंडरी स्कूलों में यह परीक्षा अलग-अलग पालियों में हो रही है। तिमाही परीक्षा के प्रश्न पत्रों का निर्माण जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, कमल नारायण चंद्राकर के नेतृत्व में विज्ञान परिषद के सहयोग से गठित समिति द्वारा किया गया है। प्रश्नपत्रों को बोर्ड परीक्षा के ब्लू प्रिंट के आधार पर बनाया गया है, जिसमें जिले के सभी ब्लॉकों से विषय विशेषज्ञों को शामिल किया गया। प्रश्न पत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए पासवर्ड एनक्रिप्टेड प्रश्न पत्र प्रधान पाठकों और प्राचार्यों को उपलब्ध कराए गए हैं।

जिले के सभी स्कूलों में पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक साथ परीक्षा का आयोजन पहली बार हो रहा है, जिसे ऐतिहासिक माना जा रहा है। इस परीक्षा के परिणाम दशहरा अवकाश के बाद घोषित किए जाएंगे, जिसके बाद पालक-शिक्षक बैठकों में छात्रों के प्रदर्शन पर चर्चा की जाएगी। बढ़ते कदम योजना के तहत न केवल परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, बल्कि छात्रों की नियमित उपस्थिति पर भी ध्यान दिया जा रहा है। यदि कोई छात्र दो दिन से अधिक अनुपस्थित रहता है, तो प्राचार्य पालकों से संपर्क कर अनुपस्थिति के कारणों की जांच करते हैं। इस पहल से तिमाही परीक्षा में बोर्ड कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति में सुधार देखा गया है। कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमी के छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली "परख" परीक्षा की तैयारी के तहत जिले में विशेष अभ्यास परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। कक्षा तीसरी के छात्रों के लिए 5 सितंबर को "परख" परीक्षा के पैटर्न पर आधारित अभ्यास परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को ओएमआर शीट भरने और संभावित प्रश्नों के समाधान का अभ्यास कराया गया। छठवीं और नवमी कक्षाओं के लिए इस प्रकार की अभ्यास परीक्षाएं दशहरा अवकाश के बाद आयोजित की जाएगी, जिससे छात्रों को परख परीक्षा की तैयारी में मदद मिल सके।

## नशामुक्त भारत का निर्माण एक पहल जन जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नम्रता चौबे के निर्देशन में विकासखंड के समस्त उच्च प्राथमिक एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में नशामुक्त भारत का निर्माण-एक पहल जन जागरूकता अभियान हेतु एक अच्छी शुरुआत की गई है। बालहित, समाज हित में नशामुक्त, स्वस्थ समाज के लिए इस अभियान को सफल बनाने हेतु प्रत्येक विद्यालयों में एक-एक शिक्षक को नोडल शिक्षक नियुक्त किया गया है जिन्हें विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया है।

शनिवार बेगलेस डे के अवसर पर नशामुक्ति हेतु सामूहिक रुप से नशामुक्ति जन जागरुकता रैली का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय द्वारा बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी एवं बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल, प्राचार्य मनोज पटेल के संयुक्त मार्गदर्शन में किया गया।

नोडल शिक्षक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों, पालकों ने मिलकर सामुहिक रुप से जनजागरुकता रैली में नशामुक्ति संबंधी स्लोगन लिखकर, तख्तियां हाथों में लेकर नारे लगाते हुए बैनर, पोस्टर सहित वार्ड / गलियों में जाकर नशामुक्ति का संदेश दिया और पांपलेट भी बांटे गए और नशा से होने वाली बीमारी, इसके दुष्परिणाम को उजागर किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ते हुए नशे की समस्या की रोकथाम एवं आमजन को इसके प्रति सजग/जागरूक करना है।

# पुरुषोत्तम कौशिक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

05 अक्टूबर शनिवार को छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति महासमुंद द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री, प्रखर समाजवादी नेता व चंद्रनाहू शिक्षण समिति के संस्थापक स्व. पुरुषोत्तम कौशिक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति द्वारा कौशिक के प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। साथ ही उपस्थित शिक्षण समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारी व सदस्यों, समाजवादियों एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा कौशिक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पश्चात राहुल चंद्राकर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति, चंद्रहास चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष, चंद्रपाल चंद्राकर, प्रलय थिटे, दाऊलाल चंद्राकर, प्रमोद तिवारी, रुपेश तिवारी के आतिथ्य में कौशिक के छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर विचार अभिव्यक्ति के लिए संगोष्ठी प्रारंभ किया गया। इस मौके पर दाऊलाल चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर, प्रलय थिटे, रुपेश तिवारी, राजेश्वर खरे, चमन चंद्राकर, प्रमोद तिवारी, रामानंद चंद्राकर ने कौशिक के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री के साथ-साथ केंद्रीय समिति, यूनियन, केंद्रीय मंत्रालय समितियों में अध्यक्ष, सलाहकार एवं सदस्य के रुप में भी देशहित को ध्यान में रखकर सदैव जनहित में कार्य किए। कौशिक जमींदार परिवार के होने के



पश्चात भी संघर्ष का जीवन व्यतीत करना स्वीकार किए। समाजवाद के पुरोधा ने समाजवादी विचारधारा में रहकर राजनीति में एक ऐसा आयाम खड़ा किए है, जिसे देश का हर व्यक्ति याद करता है और उनके इस चरित्र, आदर्श का अनुकरण करने का प्रयास करते है। कौशिक अपने जीवन में कृषि, मजदूर और आदिवासियों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक उत्थान के लिए खेतिहर संघ का गठन किए। साथ ही सहकारी आंदोलन में रुचि लेकर सहकारिता के क्षेत्र में भी किए गए कार्य को आज भी हम याद करते है। इस अवसर पर अध्यक्ष-राहुल चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष-द्रोण चंद्राकर, चंद्रपाल चंद्राकर, संयुक्त सचिव-बंशी चंद्राकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर, कार्यकारिणी सदस्यगण-दाऊलाल चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, पुष्कर चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, हर्षित चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, सजल चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, हरिश चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, ईश्वर चंद्राकर, केशव चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, विनोद सेवनलाल चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर, चमन चंद्राकर, समाजवादी साथी दुष्यंत कौशिक, नंदकुमार चंद्राकर, मानकी चंद्राकर, मंगलू राम ढीमर, नारायण नामदेव, प्रमोद तिवारी, अरुण साहू, गिरिजा शंकर चंद्राकर, तिलक साव, सुखनंदन धीवर, एचडी बघेल, सलीम, राजेश्वर खरे, रुपेश तिवारी, चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के समस्त सदस्य, शांत्रीबाई महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर, महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन राहुल चंद्राकर अध्यक्ष एवं संचालन ईश्वर चंद्राकर संचालक सदस्य ने किया।



### उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने ग्राम बरभाटा सिंघनपुर क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान और आदर्श युवा समिति दुर्गा उत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया और उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं गांव समितियों के सदस्योंका सम्मान किया। ग्राम पंचायत झलप सिंघनपुर आश्रित ग्राम बरभाटा के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लोक कला मंच जोहर ग्रुप की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान ग्रामवासी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# पोर्टल प्रारंभ करने प्रतिदिन 1000 रुपए जुर्माना वसूल करना अनुचितः फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के पत्र द्वारा परीक्षा वर्ष 2025 के लिए विद्यार्थियों के ऑनलाइन प्रविष्टि के लिए पुनः पोर्टल प्रारंभ करने के लिए विलंब शुल्क प्रतिदिन 1000 रुपए के दर से जुर्माना वसूल करने के आदेश अव्यवहारिक एवं प्रताड़नापूर्ण बताया है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिलाध्यक्ष चमन चंद्राकर, महामंत्री हेमेंद्र आचार्य का कहना है कि यह आदेश को शासकीय स्कूलों के लिए राज्य शासन के कल्याणकारी नीति के विरुद्ध है।

फेडरेशन ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण एवं सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल को ईमेल भेजकर कड़ा आपत्ति दर्ज किया है। फेडरेशन के कहना है कि 31 जुलाई तक शाला प्रवेश का अंतिम तिथि होता है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रवेशित विद्यार्थियों का ऑनलाइन प्रविष्टि 31 अगस्त तक बोर्ड द्वारा निर्धारित किया गया है। लेकिन शासकीय विद्यालयों में अधिकांश विद्यार्थी गरीब परिवार से आते हैं। विद्यार्थियों के माता-पिता मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। आर्थिक तंगी के फलस्वरूप स्कूल में प्रवेश के निर्धारित समय में अपने बच्चों का प्रवेश शुल्क एवं बोर्ड परीक्षा शुल्क जमा करने में असमर्थ रहते हैं। लेकिन, राज्य शासन के मंशा अनुसार सबको शिक्षा देने के उद्देश्य से स्कूलों के प्राचार्य, विद्यार्थियों को शिक्षा की धारा से जोड़े रखने प्रवेश दे देते हैं। कुछ मामलों में प्राचार्य/शिक्षक विद्यार्थियों का फीस जमा करते हैं। लेकिन, बहुतायत मामलों में यह संभव नहीं हो पाता है। जिसके कारण अनेक मामलों में विद्यार्थियों की ऑनलाइन प्रविष्टि चाहकर भी निर्धारित समय में नहीं हो पाता है, ऐसे परिस्थिति में यदि ऑनलाइन प्रविष्टि में देरी के कारण विद्यालयों से जुर्माना वसूला जाएगा तो भविष्य में यह प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के हित में नहीं होगा।

फेडरेशन का कहना है कि पोर्टल को खोलने के लिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 31 अगस्त 24 के पश्चात संबंधित संस्था (स्कूलों) से मंडल को पत्र प्राप्ति तिथि अथवा जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त एकजाई सूची 25 सितंबर 24 तक प्रति दिवस 1000 रुपए के दर से जुर्माना वसूला जा रहा है। अथार्त 25 दिवस का 25000 रुपए जुर्माना, जो कि शासकीय विद्यालयों के लिये अव्यवहारिक एवं प्रताड़नापूर्ण है।

उल्लेखनीय है कि अशासकीय विद्यालयों का भी कमोबेश यही स्थिति है। फेडरेशन का कहना है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का विद्या पोर्टल में शालावार शिक्षक संवर्ग एवं विद्यार्थियों की जानकारी प्रविष्ट करने का कार्य करना होता है। कभी-कभी कंप्यूटर/इंटरनेट में तकनीकी खराबी के कारण कार्य प्रभावित होता है। यूडाइस एंट्री, स्कॉलरशिप और बोर्ड कार्य एक ही समय सीमा में किए जाने के कारण कार्यभार बढ़ जाता है। संस्था में संसाधनों की कमी तथा तकनीकी जानकर कर्मचारी (कंप्यटर ऑपरेटर) की अनुपलब्धता के कारण तकनीकी त्रुटि हो जाता है। बोर्ड के प्रशासकीय एवं वित्तीय समिति को मैदानी क्षेत्र के समस्याओं के दृष्टिगत निर्णय लेना चाहिए।

शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों से नाम मात्र वार्षिक शुल्क शासन के आदेशानुसार लिया जाता है। विद्यालय के अनेक कार्यप्रयोजन, शासन से प्राप्त आबंटन पर निर्भर रहता है। सेजस स्कूलों में फीस का प्रावधान ही नहीं है। संपूर्ण कार्य शासन से आबंटन पर निर्भर रहता है। ऐसे स्थिति में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा भारीभरकम जुर्माना लगाया जाना अनुचित है। बोर्ड को ऑनलाइन प्रविष्टि के लिए पोर्टल को निशर्त खोलना चाहिए। अन्यथा क्या प्राचार्य/शिक्षक बोर्ड के जुर्माना को अपने जेब से भरेंगे?

### लोहे की कीलों पर लेटकर प्रज्ज्वलित की ज्योत





**महासमुंद।** दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी के वार्ड क्रमांक 03 में शारदीय (क्वांर) के मौके पर मां काली सुंदरी माता के दरबार में दैवीय माता के पुजारिन दाई महिला भक्त ने अटूट श्रद्धा व भक्ति के साथ नवरात्र पर सरई लकड़ी से बने नए खाट में पीठ के बल लोहे की कीलों के सहारे लेटकर पेट में जलते हुए मनोकामना के मुख्य ज्योति कलश को रख नौ दिनों तक दीप प्रज्ज्वलित किया है।

### बेमचा स्कूल से 17 पंखे एवं खेल सामग्री की चोरी

**महासमुंद।** बीती रात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में चोरी हो गई। प्राचार्य कक्ष के पीछे 7 अध्यापन एवं खेल सामग्री कक्ष के लोहे के दरवाजा में लगा ताला को आरी या अन्य किसी वस्तु से काटकर कमरा के अंदर लगे 12 नग सीलिंग पंखा एवं 12 नग हॉकी स्टीक, गोला फेंकने वाले 10 नग लोहे का गोला समेत अन्य उपयोगी खेल सामग्री को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। इसकी सूचना प्राचार्य ने थाना सिटी कोतवाली को दी है।

# कौशिक की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में महान समाजवादी नेता एवं भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री, महासमुंद के पूर्व विधायक और रायपुर व दुर्ग के पूर्व लोकसभा सांसद पुरुषोत्तम लाल कौशिक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा पुरुषोत्तम कौशिक ने गांव, गरीब और किसानों की बेहतरी के लिए आजीवन काम किया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन में भी उनका अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान था। विधायक, सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने जनता को अपनी यादगार सेवाएं दी। कौशिक ने आपातकाल के दिनों में लोकतंत्र की



रक्षा के लिए भी संघर्ष किया और मीसाबंदी के रूप में जेल में रहे। मार्च 1977 से जुलाई 1979 तक केंद्रीय पर्यटन और नागरिक विमानन मंत्री रहे। इसके बाद जुलाई 1979 से जनवरी 1980 तक केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री के रूप में देश के विकास में सराहनीय योगदान दिया। पुरुषोत्तम लाल कौशिक का जन्म 24 सितंबर 1930 को महासमुंद में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1947 में रायपुर के सालेम स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास की। उन्होंने वर्ष 1951 में सागर विश्वविद्यालय से बीए तथा 1954 में नागपुर विश्वविद्यालय से एलएलबी की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने वकालत शुरू की। कौशिक 1972 से 1977 तक तत्कालीन मध्यप्रदेश विधानसभा में महासमुंद क्षेत्र से विधायक रहे। इसके बाद वर्ष 1977 में देश की छठवीं लोकसभा के लिए रायपुर से सांसद निर्वाचित हुए।

# प्री मैट्रिक अजजा कन्या छात्रावास की प्रतिभावान छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**महासमुंद।** गांधी जयंती पर शासकीय प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छत्रावास महासमुंद में प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में एसपी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव अजाक्स व जिलाध्यक्ष शाअजजा सेवक संघ, तुलेंद्र सागर जिला सचिव अजाक्स, एमएल ध्रुव जिला संगठन सचिव अजाक्स एवं ब्लाक अध्यक्ष शाअजजा सेवक संघ, अजय ठाकुर सदस्य अजाक्स एवं युवा इंजीनियर सुरेंद्र ठाकुर रहे।

स्वागत उद्बोधन में छात्रावास अधीक्षिका ऋतु चंद्राकर ने बालिकाओं की विशेष उपलब्धियों को बताते हुए इस आयोजन के उद्देश्य को बताया। जिसमें कहा कि यह छात्रावास छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत आदिम जाति विभाग द्वारा संचालित है। वर्तमान में जिला के सुदूर ग्रामीण अंचल के 100 बालिकाएं छात्रावास में रहते हैं, जो नगर के अलग अलग स्कूलों में अध्ययनरत है। इन बालिकाओं का दैनिक दिनचर्या निर्धारित है। जिसमें अध्यापन के साथ साथ छात्रावास स्तर पर बालिकाओं के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए विभिन्न आयोजन कर बालिकाओं को सहभागिता कराते रहते हैं। इसी क्रम में 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत छात्रावास परिसर की साफ सफाई के साथ स्वयं के लिए स्वच्छता का अनुशरण करना सिखाया गया। बालिकाओं को प्रेरित करने के लिए विभिन्न सामाजिक, प्रतिष्ठित व्यक्तियों, अधिकारी कर्मचारियों को आमंत्रित कर प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया जाता है। ऐसे ही विभिन्न आयोजनों में सहभागिता किए बालिकाओं को पुरस्कृत कर प्रेरित किया जाता है। इसी क्रम में गांधी जयंती पर प्रतिभा सम्मान किया जाना है। शिक्षा सत्र 2023-24 दसवीं बोर्ड परीक्षा में छात्रावास में टॉप किए हैं



इसमें योगिता ध्रुव 89.8 प्रतिशत, देविका ध्रुव 89 एवं सुनिधि दीवान 82.30 प्रतिशत को प्रशस्ति एवं स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। इसी तरह से 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर जनजातीय महापुरुषों का बड़ा सा कोलाज पोस्टर बनाए, जिसमें जान्हवी दीवान, आरती साहू, आंकाक्षा दीवान, पूनम ध्रुव को संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह से प्रोत्साहित किए। छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना पोषण आहार जागरूकता माह के अंतर्गत सलाद सजाओ प्रतियोगिता में दीपिका ध्रुव प्रथम, केवल ठाकुर द्वितीय एवं डिम्पल ध्रुव तृतीय स्थान को प्रशस्ति पर व मोमेंटो भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। अतिथि तुलेंद्र सागर ने छात्राओं को पढ़ाई करने और अधिक अंक लाने के लिए टिप्स दिए। एसपी ध्रुव ने अजजा समाज के महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आदर्श मान कर प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किए। एमएल ध्रुव ने भी अपने विचार रखें। अतिथियों ने अधीक्षिका ऋतु चंद्राकर के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन ओपी चंद्राकर शिक्षक केंद्रीय विद्यालय ने किया। कार्यक्रम में छात्रावास के कर्मचारी तनुजा दुबे, रेशमा आदि मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेटों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन एवं एनसीसी अधिकार लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में महाविद्यालय के सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग के कैडेट्स शामिल हुए। पूरे देश में इस महत्वपूर्ण अभियान के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में सर्वप्रथम समस्त कैडेटों ने अपने एनसीसी अधिकारी के साथ




मिलकर अपने परेड ग्राउंड की साफ सफाई की। कई कैडेटों ने अपने घर में रहकर अपने गांव के विद्यालय, हॉस्पिटल, पंचायत आदि स्थानों की साफ सफाई की। अपने परिवारजनों और ग्रामवासियों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर के निर्देश में इन कैडेटों ने लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई। मिनी स्टेडियम ग्राउंड की साफ सफाई कर विशेष भूमिका निभाई। स्वच्छता के महत्व को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए कैडेटों ने पोस्टर मेंकिंग तथा नारा लेखन किया। बाद स्वच्छता के प्रति संकल्प भी लिया। कैडेटों को एनसीसी अधिकारी द्वारा स्वच्छता से संबंधित उचित निर्देश दिए गए और सामूहिक चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप



### जीएनएम कॉलेज में हुई चित्र लेखन प्रतियोगिता

**महासमुंद।** शासकीय जीएनएम कालेज में मद्यपान निषेध दिवस पर चित्रलेखन प्रतियोगिता हुई। इसमें 35 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जीएन एम कालेज के प्राचार्य संधना रामटेके, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी, मेधा ताम्रकार साइकोलाजी काउंसिलर तम्बाकू नियंत्रण, रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।



### छोटे टेमरी स्कूल में न्योता भोज हुआ

**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में प्रधान पाठक गफ्फार खान द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। भोज में केला, मिक्चर, बिस्किट, मीठा दिया गया। सभी बच्चे प्रफुल्लित होकर नेवता भोज का आनंद लिए। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने नेवता भोज के बारे में बताया कि कोई भी आमजन, संगठन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्था, व्यापारिक और सभी वर्गो के लोग न्योता भोजन में सहभागी बन सकते है। इस मौके पर अध्यक्ष वीरेंद्र साव, उपाध्यक्ष सुनीता साहू, सुरेश साव, गोकुल जगत, धोबा प्रधान, शाहिद हुसैन, मिनीलाल जगत, शिक्षिका तंजू साव, प्रीतम पटेल, रसोइया खैरून हुसैन आदि उपस्थित रहे।





### चंडी दाई सिरपुर में लगा भंडारा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध तीर्थस्थली सिरपुर में विराजित चंडी दाई में गांव के ही कुछ श्रद्धालुओं द्वारा 9 दिनों तक भंडारा प्रसादी रखा गया है। यहां प्रतिदिन सुबह 10 बजे से देर रात तक दर्शन करने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसादी की व्यवस्था की गई है। दुलरवा धीवर ने बताया कि प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं और भंडारा में भोजन प्रसादी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रात 10:30 बजे तक भोजन भंडारा जारी रहता है। यहां श्रद्धालुओं ने मनोकामना के 164 ज्योत प्रज्वलित किए हैं।

# विश्व शिक्षक दिवस समारोह में शामिल हुए विधायक संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



विश्व शिक्षक दिवस पर शिक्षा अंजोर भारत छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में विप्र भवन बसना में विभिन्न अंचलों के शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने बसना विकासखंड के आदर्श शिक्षक स्व प्रेमसिंह साव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विश्व शिक्षक दिवस पर आयोजित इस समारोह में बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों के योगदान की सराहना की और उन्हें समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए उनका अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, नगर पंचायत बसना अध्यक्ष गजेंद्र साहू, रामचंद्र अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्राचार्य रमेश कुमार खरे, मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा, महामंत्री अभिमन्यु जायसवाल, स्काउट गाइड संघ अध्यक्ष शीत गुप्ता, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, कामेश बंजारा, विधायक प्रतिनिधिगण अरविंद मिश्रा, मोहित पटेल, विधायक कार्यालय गढफुलझर प्रभारी हरजिंदर सिंह, हाईस्कूल कोषाध्यक्ष विजय पटेल, प्रतिमा साव, प्राचार्यगण सुरेश कुमार पटेल, जगदीश जगत, शरद प्रधान, उत्तर कुमार चौधरी, निमंकर पटेल, संतलाल भोई, मधुमंगल प्रधान, राजकुमारी गुप्ता, अजय जायसवाल, बलदेव मिश्रा, चक्रधर पटेल, पत्रकारगण सीडी बघेल, नंदलाल मिश्रा, सुखदेव वैष्णव, आरके दास, गौरीशंकर दास, संजय तायल, भगतराम वाधवा, अभय धृतलहरे, मनहरण सोनवानी, देशराज दास, बसंत साहू,अनिक दानी, अनिश लाला दानी, कुबेरचरण नायक, केशव कुमार, सदानंद साहू आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक दास ने किया।



## छग न्याय यात्रा में शामिल हुए कांग्रेसजन

**सरायपाली।** विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निकाली गई छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल हुई। इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक नंद ने बताया कि प्रदेश में महिलाओं, आदिवासियों, अजा वर्ग के लोगों समेत हर वर्ग की जनता के ऊपर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाते हुए और उन्हें न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का आयोजन किया था जिसमें सरायपाली क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ हमने शामिल होकर आमजन की आवाज बुलंद की। न्याय यात्रा में आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, विधायक प्रतिनिधिद्वय घसिया सिदार, भरत मेश्राम, सीता पटेल, दीपांजलि बारीक, कुमोद्नी भोई, सरिता प्रधान, अरमान हुसैन, पार्षद सुरेश भोई, तन्मय पंडा, दीपक साहू, नीलांचल भोई, पंकज बीसी, मनोज पटेल, सूर्यकांत पटेल, केशव अग्रवाल, मनोज पटेल, रोशन नाग, राजा अग्रवाल, सुशील प्रधान, दुष्यंत साहू, विभीषण चौहान, जयंत यादव, शरद यादव, पन्नू अग्रवाल समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण के दिए टिप्स



**सरायपाली।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अंतर्गत अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 2 से 11 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजन आदिवासी बालिका छात्रावास में किया गया। इस दौरान किशोरी बालिकाओं को बताया कि बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ योजना का मकसद है लैंगिक भेदभाव निपटना, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, लैंगिक पूर्वाग्रह के बारे में जागरूकता बढ़ाना, लड़कियों के लिए कल्याणकारी सेवाओं को बढ़ाना, बाल लिंगानुपात में गिरावट को रोकना, बालिकाओं के लिए शिक्षा का महत्व स्त्रियों का परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। अधीक्षक के द्वारा सभी बालिकाओं को उपहार स्वरूप पेन, कॉपी, कंपास आदि दिया गया। कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक सुनीता बंजारे, महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर शोहोदरा बंजारे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ की अध्यक्ष ज्योत्सना नंद उपस्थित थी।

## हिंदी मास के समापन पर वृंदावन में साहित्यकारों का सम्मान

**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में हिंदी मास के समापन अवसर पर आस्था साहित्य समिति के साहित्यकारों का साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए सनातन शिक्षा समिति द्वारा साहित्य सृजन व साहित्य सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अध्यक्षता साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा, एस चंद्रसेन, शिक्षाविद केआर चंद्राकर, डॉ साधना कसार, टेकराम सेन चमक, सरिता तिवारी, सुरेंद्र अग्निहोत्री उपस्थित थे। इस अवसर पर सर्वप्रथम अपने सुमधुर आवाज में आनंद तिवारी द्वारा लिखित हिंदी गीत जय जय जय पावन वसुंधरा, जय जय भाषा कल्याणी की प्रस्तुति सुजाता विश्वनाथन विद्यालय संचालिका द्वारा की गई। सम्मान समारोह से पूर्व साहित्यकारों द्वारा काव्यपाठ की गई। आनंद तिवारी की समसामयिक रचना ने सभी को प्रभावित किया। वहीं हिंदी की महत्ता



पर एस चंद्रसेन, डॉ साधना कसार, सरिता तिवारी ने नई ऊंचाईयां दी। संचालन करते हुये अपने बाल कविताओं से विद्यालयीन बच्चों को साहित्यकार टेकराम सेन ने ठहाके लगाने को मजबूत किया। वहीं सुरेंद्र अग्निहोत्री ने व्यंग्य रचनाओं से खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर आनंद तिवारी पौराणिक को श्रेष्ठ व्याख्यान व काव्य सम्मान, एस चंद्रसेन को काव्यकृति बरखा बसंत रचना सम्मान, सुरेंद्र अग्निहोत्री, डॉ साधना कसार, सरिता तिवारी, सुजाता विश्वनाथन को साहित्य सेवा सम्मान, टेकराम सेन को उत्कृष्ट मंच संचालन मीडिया प्रचार-प्रसार व साहित्य सेवा सम्मान से सनातन सेवा शिक्षा समिति द्वारा मुख्य अतिथि केकर कमलों से सम्मानित किया गया। केआर चंद्राकर को सेवा सहयोग सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर एमआर विश्वनाथन, सुजाता विश्वनाथन, सीएस गौर, हरखराम चंद्राकर, इंदु मिश्रा, उर्मिला अग्निहोत्री, अमृता चंद्राकर, सविता ढीढी, वर्षा चंद्राकर, शुभ्रा अग्रवाल, जागृति साहू, चंदना सोनी, रिंकी कुर्रे, नीरु मांझी, मोनिका साहू, सुषमा, रेखा, प्रवीण साहू, यशवंत धृतलहरे, मुकेश साहू सहित विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन एमआर विश्वनाथन ने किया।



## फॉर्च्यून नेत्रहीन करमापटपर में मनाई गांधी जयंती

**बागबाहरा।** फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा में गांधी जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम स्वच्छता ही सेवा के तहत संस्था के प्राचार्य एवं संचालक के मार्गदर्शन में छात्र एवं शिक्षक सबने मिलकर परिसर की साफ सफाई किया। पश्चात महात्मा गांधी के छायाचित्र को संचालक निरंजन साहू एवं प्राचार्य रश्मि साहू द्वारा माल्यार्पण कर गांधी जयंती कार्यक्रम की शुरुआत की गई। छात्र-छात्राओं द्वारा महात्मा गांधी की जीवनी पर सुंदर भाषण दिया। भजन एवं गायन कार्यक्रम हुआ। इसके एक दिन पूर्व वृद्धजन दिवस पर संस्था द्वारा ग्राम करमापटपर बस्ती में पहुंचकर वरिष्ठजनों को कंबल वितरित किया गया। संस्था के संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत आम पौधा रोपित किया गया है। कार्यक्रमों ने छात- छात्राओं सहित संचालक निरंजन साहू, प्राचार्य रश्मि साहू, छात्रावास अधीक्षक लक्ष्मीप्रिया साहू, शिक्षकगण पुष्पलता पटेल, ललिता साहू, भूमिका यादव, लोकनाथ घृतलहरे, नरोत्तम बघेल सम्मिलित हुए।



## सच्ची श्रद्धा और दृढ़ निश्चय से हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं: तुषार

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने मां भगवती के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी का आशीर्वाद लेने ग्राम बिरबिरा, कोडार बांध, कुहरी, बांसकुड़ाहा, छपोराडीह, जलकी, बांसकुड़ाहा पट्टी नंबर दो, फुसेराडीह पहुंचे। जहां पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-सौभाग्य और समृद्धि के लिए कामना किया। क्षेत्र के लोगों से भेंट कर कुशल क्षेम जाना। तुषार अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसी मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से भक्तों को जीवन में आने वाली सभी बाधाओं और कठिनाइयों से मुक्ति मिलती है।

# पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक में नए सदस्यों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन की नियमित मासिक बैठक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 अक्टूबर 2024 को गायत्री मंदिर परिसर बेमचा में हुई। कार्यक्रम का संचालन राम कुमार साहू (शिक्षा विभाग) द्वारा किया गया।

कार्यकम का प्रारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजन मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। पूजन कार्य भगत राम साहू, अध्यक्ष रामकुमार साहू, शिवकुमार साहू, आरपी दीवान, जोगेंद्र नायक, यशवंत साहू, चमनलाल साहू, किशोर कुमार ध्रुव द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम की द्वितीय कड़ी में संगठन में नए सदस्यों का हर्षोल्लास के साथ करतल ध्वनि से सभी सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। नये सदस्यों में क्रमशः जोगेंद्र नायक सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर, किशोर कुमार ध्रुव सेवानिवृत्त उपसंचालक उच्च शिक्षा विभाग, राजेश्वर खरे सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी, पशु चिकित्सा विभाग कोमल चंद्राकर, सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक पुलिस विभाग, ओंकारनाथ पाल- सेवानिवृत्त पशु परिचारक पशु चिकित्सा विभाग, लक्ष्मी नारायण साहू-विकास अधिकारी पंचायत विभाग का संगठन के पदाधिकारियों द्वारा फल भेंटकर, गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। नये सदस्यों का स्वागत अध्यक्ष रामकुमार साहू, शिव कुमार साहू, चमन लाल साहू, राधेश्याम दुबे, राम कुमार साहू (शिक्षा विभाग) चोवाराम साहू ने किया गया। सभी नवआगंतुक सदस्यों द्वारा अपना संक्षिप्त परिचय देकर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर संगठन द्वारा सौंपे गये दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी के साथ निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का भरोसा दिलाया। संबोधन की प्रथम कड़ी में भगत राम साहू द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के विषय में सविस्तार प्रेरणादायक एवं जीवन में अनुकरणीय उद्बोधन दिया। जोगेंद्र नायक ने अपने उद्बोधन में ऐसे बच्चे जो किसी कारण वश अध्यापन से दूर हो चुके है, उनसे संपर्क कर शिक्षा से जोड़ने हेतु प्रेरित करने व राष्ट्र निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। बंधु राजेश्वर खरे (कवि) द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के परिपेक्ष्य में बुजुर्गों का सम्मान करें, वृद्धों का सम्मान करें की कविता प्रस्तुत किया। अन्य कविताओं के माध्यम से सभी को लोटपोट करते रहे। किशोर कुमार ध्रुव, पुरूषोत्तम शर्मा, चंद्रबदन मिश्रा, शिव कुमार साहू, राम कुमार साहू, जगमोहन साहू, देवनारायण सिंह, बिसेन एवं गणेश बहादुर गुरूंग द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम के अगली कड़ी में अध्यक्ष राम कुमार साहू द्वारा माह-अक्टूबर में जिन सदस्यों व पदाधिकारियों की जन्म दिवस आने वाला है उन सभी को उनके स्वस्थ्य सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। बैठक में गोवर्धन साहू ग्रामीण उपाध्यक्ष, भगत राम साहू व तिलचंद यादव, सतानंद यादव आदि वरिष्ठ सदस्यों का संगठन के सभी सदस्यों द्वारा जन्म दिवस पर स्वागत किया गया। अध्यक्ष द्वारा पेंशनर एसोसिएशन के लिए भवन निर्माण के लिए अभी तक कार्रवाई की संक्षिप्त जानकारी दी गई।

## इमलीभाठा में प्रवाहित हुई भागवत कथा भक्ति की धारा

**महासमुंद।** स्थानीय इमलीभाठा में स्व. उदेराम साहू, संतोष साहू की स्मृति में पितृपक्ष पर कौशिल्या साहू, डॉ लोकेश्वर, नरेंद्र साहू द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक पं भीमप्रसाद मिश्रा (कौंदकेरा राजिम वाले) द्वारा भक्तों को कथा का श्रवण कराया गया। 23 सितंबर से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। जिसमें पं भीमप्रसाद मिश्रा द्वारा परीक्षित जन्म, ध्रुव कथा, भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, कृष्ण अवतार रुखमणी विवाह, सुदामा प्रसंग के माध्यम से कहा गया कि भागवत कथा के श्रवण मास से व्यक्ति संबंधों बंधनों से मुक्त होकर ईश्वरत्व को प्राप्त करता है और भगवान के प्रिय हो जाता है। उन्होंने कहा कि कलयुग में भागवत कथा मोक्ष का एक सुंदर उपाय है। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में हमें भगवत भक्ति के लिये समय अवश्य निकालना चाहिए। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए मित्रता को जीवन का सार बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में एक सच्चा मित्र अवश्य बनाना चाहिए, जो हमारे विपरीत परिस्थितियों में काम आए। भागवत कथा व कृष्ण का चरित्र जीवन जीने की कला है। इसे हमें जीवन में अवश्य उतारना चाहिए। इस अवसर पर समस्त मोहल्लावासियों ने कौशिल्या साहू, डॉ लोकेश्वर, नरेंद्र साहू, धनेश्वरी साहू, चंद्रिका साहू को धन्यवाद देते हुए कहा कि पवित्र पितृपक्ष में भागवत कथा का श्रवण कराना बहुत ही पुण्य का काम है। साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने बताया कि स्व उदेराम साहू अत्यंत ही धार्मिक व्यक्तित्व थे। उनके स्मृति में भागवत कथा का आयोजन उन्हें सच्ची श्रद्घांजलि है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से जयंती हरकू साहू, हीरा साहू, रामहीन केदार साहू, भारती दीपक साहू, गीतिका, डेगेश्वर पार्थ, अक्षिता, सुमन, अंकित, लिलेश, मनीष, प्रतिज्ञा, नूतन, चित्रांगना सहित समस्त साहू परिवार ने सहयोग के लिए मोहल्लेवासियों का हृदय से आभार माना है। उक्त जानकारी टेकराम सेन दी है।



## ब्लॉक स्तरीय रासेयो स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का समापन

**महासमुंद।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम पर ब्लॉक महासमुंद की 10 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी तारतम्य में 2 अक्टूबर को ब्लॉक स्तरीय स्वच्छता अभियान का समापन कार्यक्रम शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में हुआ।

कार्यक्रम में महात्मा गांधी की जयंती भी मनाई गई। समापन कार्यक्रम में डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद, अजय कुमार राजा कार्यक्रम संयोजक, डॉ सरस्वती वर्मा एवं सितोष झुल्पे कार्यक्रम अधिकारी मंचस्थ रहे। डॉ. मालती तिवारी ने कहा कि मानव जीवन का सर्वांगीण विकास स्वच्छता से ही संभव है। वर्तमान समय में गांधी के विचारों का आत्मात करने की आवश्यकता है। स्वच्छता केवल कुछ दिनों के लिए नहीं, बल्कि हमें हर दिन खुद को और हमारे आसपास को स्वच्छ रखना आवश्यक है। अजय कुमार राजा ने किये गए कार्यों को बताते हुए कहा कि महासमुंद ब्लॉक के अपने अपने विद्यालय एवं महाविद्यालय सहित महासमुंद शहर के सब्जी बाजार, बस स्टैंड, महामाया तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया, वहां अपशिष्ट कूड़ा, सड़े गले सब्जियों को कूडादान में डाला गया। बस स्टैंड में झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया गया और अपने-अपने विद्यालय महाविद्यालय में स्वच्छता के प्रति शपथ लिया एवं परिसर को स्वच्छ किया। नारा लेखन एवं जन जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।



समापन कार्यक्रम में स्वच्छता संबंधी रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम वेदांश चंद्राकर गुड शेफर्ड स्कूल, द्वितीय पूजा महेश्वरी शांत्रीबाई कॉलेज एवं तृतीय प्रवीण चंद्राकर शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, रंगोली में प्रथम राजकुमारी भारती श्याम बालाजी कॉलेज, द्वितीय लक्ष्मी चंद्राकर, तृतीय मधु दीवान इंडियन कॉलेज रही। विजेता एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही सभी 10 इकाई के कार्यक्रम अधिकरियों एवं स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र व मेडल से सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी राजेश्वरी सोनी पीजी कॉलेज, निर्मल बंजारे श्याम बालाजी कॉलेज, सितोष झुल्पे आत्मानंद हिंदी विद्यालय, गायत्री चंद्राकर शांत्री बाई महाविद्यालय, अनिता वंजारी गुड शेफर्ड स्कूल, मधुमति चंद्राकर आशीबाई गोलछा कन्या स्कूल, सालिकराम ढीमर शासकीय पॉलिटेक्नीक कॉलेज, वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू व्याख्याता रसायनशास्त्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर सहित लगभग 110 स्वयंसेवक उपस्थित रहे। आभार व्यक्त डॉ सरस्वती वर्मा एवं मंच संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक गोपी सिन्हा व कावेरी साहू ने किया।

# रंजिशवश अधेड़ की हत्या कर धरसा नाली में फेंका शव, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

दो दिन पहले ग्राम आमदी के धरसा नाली में मिली अधेड़ की लहूलुहान लाश के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या होने का खुलासा होने पर अर्जुनी व साइबर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुरानी रंजिश का बदला लेने बकरी चराने गए अधेड़ की हत्या कर शव को धरसानाली में फेंककर फरार आरोपी को अर्जुनी व साइबर की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी निवासी आत्माराम पटेल पिता ढुलुराम उम्र 50 वर्ष 30 सितंबर की सुबह अपनी बकरियों को चराने के लिए आमदी से भानपुरी मार्ग पर नहर नाली की तरफ गया था। दोपहर में बकरियां वापस घर पहुंच गई थी, लेकिन चरवाहा रात तक वापस घर नहीं लौटा। दूसरे दिन पुत्र रोशनलाल पटेल पिता आत्माराम की तलाश करते नहर नाली की तरफ गया। नहर पार किनारे पोखराज साहू के खेत के पास स्थित धरसानाली के पानी में आत्माराम की लाश तैरती मिली। मृतक के सिर पर कई जगह चोट के निशान थे।

राजेश पटेल की शिकायत पर अर्जुनी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत हत्यात्मक होने का लेख किए जाने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103/3 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था।

### हत्याकांड के खुलासे में इनका रहा योगदान

इस हत्याकांड के खुलासे में अर्जुनी पुलिस सन्नी दुबे, एएसआई उत्तम निषाद, प्रआ लोकेश नेताम, देवेंद्र राजपूत, खोमेंद्र भारद्वाज, आरक्षक योगेश नाग, दीपक साहू, फनेश साहू, मुकेश मिश्रा, खेमू हिरवानी, राजेश साहू, प्रशांत पांडे, संजय ठाकुर व भागवत साहू का योगदान रहा।




### पेंशनरों की बैठक आज

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन धमतरी में होगी। बैठक में पेंशनर संगठन के पंजीयन क्रमांक 1844 के न्यायालयीन प्रकरण पर चर्चा की जायेगी।



खबर संक्षेप



## बेमचा में दुर्गा प्रतिमा विराजित

**महासमुंद।** क्वांर नवरात्र महोत्सव पर्व पर ग्राम बेमचा के एकता दुर्गा उत्सव समिति द्वारा गुड़ी चौक में दुर्गा प्रतिमा विराजित की गई है। यहां 12 ज्योत प्रज्ज्वलित है। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

## संगठन महामंत्री का मनाया जन्मदिन

**महासमुंद।** आप के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। 4 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पाठक का जन्मदिन महासमुंद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मनाया।



## नशामुक्ति के लिए पैकिन में निकाली गई जागरुकता रैली

**सरायपाली।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देशनुसार नशा मुक्त भारत -एक पहल कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पैकिन के बालक बालिकाओं द्वारा नशा मुक्ति जागरुकता रैली गांव के मुख्य मार्गों से निकाली गई। उक्त रैली में बच्चों द्वारा नशा मुक्ति के लिए नारे तथा तख्ता लेखन कर लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य वाय भोई, संस्था के प्रधान पाठक नरेश कुमार बारिक, संकुल समन्वयक बीसी साहू, नोडल अंकुर यदु तथा संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## दिव्यांग बच्चों की खुशी को लेकर विद्यालय परिसर में हुआ गरबा

**सरायपाली।** जन विश्वास सेवा समिति द्वारा संचालित उड़ान दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष विद्यालय में नवरात्रि के पावन अवसर पर और दिव्यांग बच्चों की खुशी के लिए विद्यालय परिसर पर समिति द्वारा एक दिवसीय गरबा कार्यक्रम रखा गया। समिति के अध्यक्ष उमा साहू ने बताया कि सर्वप्रथम मां जगदंबा भवानी की आरती कर बच्चों, स्कूल स्टाफ एवं कोमल ब्यूटी पार्लर से पूरे टीम साथ मिलकर गरबा नृत्य किया। कार्यक्रम में सरायपाली एसडीएम नम्रता चौबे, समिति के सदस्यगण हेमंत साहू, कमला साहू, स्कूल स्टाफ गुलशन साहू, अर्चना, कल्पना, कोमल, पुष्पा उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने चलाया सदस्यता अभियान

**तेंदूकोना।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला संगठन के निर्देशानुसार विधानसभा, मंडल व बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। बागबाहरा ग्रामीण मंडल के शक्ति केंद्र तेंदूकोना में सदस्यता अभियान की कार्ययोजना की रिपोर्ट एवं अभियान को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान में महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष चिंताराम साहू, महामंत्री मयाराम साहू, कमलेश कुमार, हरीश दीवान, जनपद सदस्य खिलेश्वरी साहू, धनंजय साहू, महामंत्री महिला मोर्चा, जानवी साहू, नर्मदा शर्मा, मेनका साहू, गुलशन बघेल, कोमल साहू, दुलेंद्र साहू, टीकम ध्रुवशी, प्रकाश पटेल, देवांतीन दीवान, देवकुमारी पटेल, सुखराम साहू, गोवर्धन साहू आदि उपस्थित रहे।

### मनमानी: समिति अध्यक्ष ने पुत्र की अनाधिकृत रूप से की नियुक्ति

# डाटा एंट्री आपरेटर की नियुक्ति को लेकर की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने अधिकारों का किस तरह की आंखों में धूल झोंककर नियम विरुद्ध जाकर अपने पुत्रों व रिश्तेदारों को शासकीय लाभ पहुंचाते है। इसी तरह का एक मामला प्राथमिक सहकारी समिति जम्हारी के अंतर्गत आने वाले धान उपार्जन केंद्र बहेरापाली में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर समिति के अध्यक्ष द्वारा अपने पुत्र की नियुक्ति को लेकर किसानों व ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। समिति में विरोध किए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण शिकायतकर्ताओं द्वारा पंजीयक, सहकारी संस्थाएं रायपुर को पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई गई है।

इस संबंध में बेहरापाली के गौरीशंकर पटेल, बोधराम पटेल, मनमोहन पटेल, मुरलीधर पटेल के साथ ही ग्राम कोटवार इंदल द्वारा हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपते हुए कहा गया है कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जम्हारी के धान उपार्जन केंद्र बहेरापाली में नियुक्त डाटा एंट्री ऑपरेटर केशव पटेल पिता गोपबंध पटेल को नियम विरूद्ध नियुक्ति दी गई है। जबकि, प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों के सेवायुक्तों के लिए सेवा नियम 2012 के अधीन नियम कंडिका 7 के उप कंडिका 77 के अनुसार छग सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के प्रावधानों के अंतर्गत किसी संचालक के परिवार के सदस्य की नियुक्ति नहीं की जा सकती। जबकि, समिति अध्यक्ष गोपबंधु पटेल द्वारा अपने इकलौते पुत्र केशव पटेल की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति चयन समिति व अन्य ग्रामीणों के बगैर अधिकृत जानकारी के कर दी गई। वही नियमतः चयन समिति द्वारा उक्त पद हेतु आवेदन लेने प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि का कोई विज्ञापन, समाचार या ग्राम कोटवारों के द्वारा कोई मुनादी नहीं कर केशव पटेल का एक ही आवेदन लेकर गोपनीय रूप से नियुक्ति दे दी गई है, जो अपने आप में संदिग्ध व आपराधिक कृत्य है। नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित जानकारी मांगी जाने पर अध्यक्ष गोपबंधु पटेल द्वारा बताने से इनकार करते हुए अभी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, ऐसा कहा जाता रहा है। जबकि केशव पटेल जब नियुक्त होकर उपार्जन केंद्र में आने लगा तभी उनके द्वारा कहा गया इस पद पर मेरी नियुक्ति हो गई है, तभी ग्रामीण लोगों को इस संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। इससे स्पष्ट होता है कि कर्मचारी नियुक्ति में छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 तथा सेवायुक्तों के लिए सेवा नियम 2012 के नियम विरूद्ध नियुक्ति दी गई है। भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता न होना व अयोग्य उम्मीदवार का चयन किया गया है। अतः चयनित डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति निरस्त कर दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

# माता वैष्णो देवी पर्रापाठ पहाड़ी में 71 ज्योत प्रज्ज्वलित, माता की प्रतिमा भी विराजित





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

बागबाहरा मुख्यालय के सीमावर्ती क्षेत्र के ग्राम पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी पर मां वैष्णो देवी की मंदिर निर्माण किया जा रहा है। प्रति वर्ष के भांति इस साल भी पर्रापाठ परिसर में शारदीय क्वांर नवरात्र पर इस क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि व मनोकामना के लिए 71 ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए है। साथ ही मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई है।

उल्लेखनीय यह है कि निर्माणधीन वैष्णो देवी मंदिर तथा पर्रापाठ परिसर वन संपदा एवं पेड़ पौधे से घिरा हुआ है। पंडरीपानी के पर्रापाठ जो कि कारी डोगर पहाड़ से जुड़ा हुआ है।

आज भी पर्रापाठ के नाम से प्रसिद्ध है। जैसे की किसी भी वस्तु का गुम व चोरी हो जाने से लोग पर्रापाठ का साहरा लेकर फल अर्पित कर यानी एक प्रकार का बदना करते है। गुम हुई वस्तु मिल जाए कहकर स्मरण करते है। लोगों का मानना है कि आज भी मान्य है पर्रापाठ गुम हुई वस्तु कुछ ही दिनों मिल जाती है। इस पहाड़ पर एक कुंड है, जहां हमेशा पानी भरा रहता है। इस पहाड़ के गुफा पर प्रयागराज से आए हुए दो साधु तपस्या में लीन है। नवरात्र के शुभ अवसर पर श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। कथा वाचक पंडित धनंजय तिवारी कथा का श्रवण करा रहे हैं। कथा रसपान दोपहर एक बजे से संध्या पांच बजे तक प्रसादी के रूप में भंडारा का आयोजन भी किया जा रहा है। कथा श्रवण करने आसपास गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

# बिरकोनी में रोशनी से जगमगाया दुर्गा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी



ग्राम बिरकोनी में शारदीय नवरात्र के पहले दिन दुर्गा पंडाल रोशनी से जगमगा उठा। यहां पहले दिन श्रद्धालुओं ने मां नौ दुर्गा के दर्शन किया। नवरात्र महोत्सव में श्रद्धालु घरों से लेकर मंदिरों में आराधना कर रहे है। ग्राम में विराजित मां नौ दुर्गा के दरबार में दर्शन के लिए रात को भक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है। आस्था की भक्ति घरों से लेकर मंदिर में नजर आ रही है। वही शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना की जा रही है। साथ ही मंदिर कक्ष में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई है। इसको लेकर श्रद्धालुओं में उत्सव का वातावरण बना हुआ है। यहां सुबह से रात्रि तक मां का गुणगान किया जा रहा। सेवागीत और जसगीत महिला मंडलियों द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा हैं। घरों में महिला भक्तों ने माता के दरबार में दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की जा रही है। वर्षों से चले आ रहे परंपराओं के अनुरूप देवी मां का शृंगार कर परिवार के लिए सुखमय जीवन की कामना की जा रही है। पूजा स्थल पर लगातार देवी मां के भक्तिमय श्लोक गूंजायमान हो रहे है। जिससे श्रद्धालु आस्था व भक्तिमय गीतों से आराधना कर रहे हैं।

# बागबाहरा पुलिस स्वयं की रक्षा नहीं कर पा रही, आमजन की क्या करेगी: अंकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बागबाहरा में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के खिलाफ बागबाहरा थाने के घेराव की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज ऐसा क्या हो गया है कि पुलिस वही, अधिकारी वही, प्रदेश वही पर सरकार भाजपा की डबल इंजन की सरकार आते ही अपराध के ग्राफ में जो इजाफा हुआ है, उसे क्या माना जाए कि वो भाजपा नामक वायरस से ग्रसित हो गए हैं। आज बागबाहरा के व्यापारियों के यहां, पुण्य स्थलों, मंदिरों और गुरुद्वारे में चोरी हो रही है, घरों में चोरी हो रही है, खेतों में चोरी हो रही है, गाड़ियों, साइकिलों, बैटरी की चोरी हो रही है, ऑनलाइन फ्रॉड के घटनाएं बढ़ रही है, शराब का अवैध व्यापार गली गली, गांव-गांव में बढ़ गया है और तो और थाने के सामने खुले आम गांजा बिक रहा है, चोरी की एफआईआर करवाने अप्रोच लगवाना पड़ रहा है। ऊपर से अपना निकम्मापन छुपाने ये सरकार कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और निर्दोष ग्रामीणों पर एफआईआर कर रही है। फिर चाहे बलौदाबाजार आगजनी हो, कवर्धा का मामला हो आज भी ऑनलाइन सट्टा चालू है, आज भी शराब ओवररेट में बेची जा रही है। आज गृहमंत्री के क्षेत्र में पुलिस पिटाई से मौत होती है, राखी के दिन मुख्यमंत्री के जिले में सामूहिक बलात्कार होता है और ये सरकार चुप है, रायपुर राजधानी में गोली चल रही, लगातार चाकूबाजी हो रही है, चेन स्नैचिंग हो रही है, मुख्यमंत्री निवास के पास हत्या हो रही है और ये सरकार कुछ भी नहीं कर पा रही है।



इस सरकार और पुलिसिया व्यवस्था का पता इसी से चलता है कि एक तरफ बागबाहरा थाने का घेराव हो रहा था और दूसरी तरफ वार्ड क्रमांक 8 में विधायक प्रतिनिधि बलबीर बग्गा के यहां दिन दहाड़े चोरी हो गई और कुछ दिन पहले एक युवक तलवार लेके थाने में घुसा और उसने टीआई की गाड़ी में तोड़फोड़ की, इसी से ये समझ लें कि जो पुलिस भाजपा राज में अपनी रक्षा नहीं कर पा रही वो आम जन की रक्षा क्या कर पाएगी। अंत में अंकित ने कहा कि यदि ये अराजकता की स्थिति नहीं सुधरती है तो ये धरना और घेराव अभी शुरुआत है ये फिर होगा और लगातार चलता रहेगा।

# गरबा नाइट्स में उमड़ रही भक्तों की भीड़...



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के संयोजन में हाईस्कूल मैदान में गरबा नाइट्स आयोजन समिति द्वारा आयोजित गरबा नाइट्स 2024 में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। शनिवार नवरात्र पर्व के तीसरे दिन गरबा कार्यक्रम में मा की आरधना करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। कार्यक्रम में पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग भी भक्ति करने और उपस्थित भक्तों का उत्साहवर्धन करने के लिए कार्यक्रम स्थल पहुंचे। ज्ञात हो कि गरबा नाइट्स का यह 12 वर्ष है, जिसमें भक्तों की संख्या साल-दर साल बढ़ती जा रही है। भक्त भी आयोजन की जमकर प्रशंसा कर रहे हैं।

# बढ़ते कदम योजना अंतर्गत सावित्रीपुर स्कूल में हुई त्रैमासिक परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में बढ़ते कदम योजना अंतर्गत संचालित त्रैमासिक परीक्षा हुई। जिसमें विद्यार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत रही। विद्यार्थियों में इस परीक्षा के लिए अत्यंत उत्साह देखा गया तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रश्नों की गुणवत्ता को सराहा गया। प्रश्न पाठ्यक्रम के निर्धारित क्रम के आधार पर प्रश्न आया था। जिसमें वार्षिक परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए बहुविकल्पीय प्रश्न, अति लघु उत्तरीय, रिक्त स्थानों की पूर्ति करो, दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों इत्यादि का समावेश किया गया। संस्था के प्राचार्य पी सिदार विद्यार्थियों की उपस्थिति के लिए अत्यंत ही जागरूकता और अनुकरणीय पहल करते हुए जो छात्र-छात्राएं दो दिन से अधिक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हैं, तो उनके पालकों से संपर्क कर समस्या से रूबरू होकर उनका शीघ्र समाधान करते हुए नियमित विद्यालय में उपस्थिति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्राचार्य के इस प्रशंसनीय कार्य में विद्यालय के समस्त व्याख्याताओं का शत प्रतिशत योगदान रहता है। 16 अक्टूबर बुधवार को पालक शिक्षक बैठक आयोजित कर परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। पालक शिक्षक बैठक में परिणाम के साथ-साथ जाति प्रमाण पत्र एवं उसे बनाने के लिए आने वाली परेशानियों का समाधान पर चर्चा की जाएगी। जिससे सभी छात्र-छात्राओं को समस्त शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। जिस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की जाएगी। आने वाले अर्धवार्षिक एवं वार्षिक परीक्षा के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, जिससे छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत परिणाम की ओर अग्रसर किया जा सके।

# पंड़ालों व मंदिरों में ज्योत प्रज्जवलित विराजी मां दुर्गा



**नर्रा।** क्षेत्र के गांवों में क्वांर नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को दोपहर शाम रात तक अभिजीत मुहूर्त में सार्वजनिक दुर्गा पंडालों तथा निर्माणधीन वैष्णोदेवी मंदिर ग्राम पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी में घट स्थापना कर आस्था के ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए है। साथ ही गांवों के चौक व पंडालों में माता की प्रतिमाएं स्थापित की गई है।

# ग्रामीण अंचल में धूमधाम से मनाया जा रहा नवरात्र पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

नवरात्र का पर्व बड़ा ही भक्ति भावना से भरा होता है। लोग बड़ी श्रद्धा-भक्ति से दुर्गा माता प्रतिमा की नौ दिन पूजा अर्चना करते है। बागबाहरा ग्रामीण क्षेत्र के बड़े ग्राम गांजर में कुल 06 जगह माता विराजमान है। जिसमें जय मां दुर्गा समिति स्कूल पारा समिति द्वारा विगत 22 वर्षो से मूर्ति की स्थापना किया जा रहा है। समिति प्रमुख नेतराम साहू ने बताया कि हर वर्ष अलग-अलग ढंग से दुर्गा पंडाल व लाईट की सजावट किया जाता है। जिससे मोहल्ले वालो में उमंग-उत्साह बना रहता है। समिति में विक्की कंडरा, राहुल साहू, बंटी सेन, गोपी धीवर, एवन चंद्राकर, मोहन कटारे, बेदोक धोबी, चंद्रहास कटारे, भागीरथी कटारे सहित मोहल्ले के बुजुर्गो की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।



## जन्मदिन पर सगनजोत ने लिया पूर्व सीएम भूपेश का आशीर्वाद

**महासमुंद।** जिला युवा कांग्रेस के महासचिव सगनजोत सिंघ नें अपना 27वां जन्मदिन प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आशीर्वाद लेकर मनाया। सगन नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के साथ श्री बघेल के रायपुर स्थित उनके निवास पहुंच उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रदेश संयोजक अरिश अनवर, सोहेल खान, नीरज परोहा एवं लता कैलाश चंद्राकर भी उपस्थित रहें।




# भाजपा राज में लेडी डॉक्टर व नर्सों की सुरक्षा भगवान भरोसे: विनोद

## शासकीय अस्पतालों में हथियारबंद सुरक्षा कर्मी तैनात करने की बात केवल जुमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- 9 माह में एक भी स्टाफ नर्स की भर्ती नहीं कर पाई भाजपा सरकार



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि मेडिकल कॉलेज बनने के बाद जिला अस्पताल में ओपीडी संख्या प्रतिदिन 600 से अधिक पहुंच रही है। महासमुंद जिला सहित आसपास के निकटवर्ती जिलों से मरीज बेहतर उपचार की आस में यहां भर्ती होते हैं। इन मरीजों की दिन-रात सेवा के लिए स्टाफ नर्स ड्यूटी देती हैं। रात में मरीजों की देखभाल का जिम्मा नर्स के भरोसे रहती है। लेकिन, यहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से महिला मरीजों व स्टाफ नर्सों में भय का माहौल व्याप्त रहता है। आए दिन अपराधी किस्म के लोग अस्पताल के भीतर प्रवेश कर रहे हैं। कई बार तो बदमाशों द्वारा ड्यूटी दे रही नर्सों को चाकू दिखाकर डराया धमकाया जाता है। कोलकाता की घटना के बाद यहां पुलिस सहायता केंद्र खोलने की बात कही गई थी, लेकिन, ना तो यहां पुलिस सहायता केंद्र खोला गया और ना ही पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। प्राइवेट सिक्योरिटी कंपनी द्वारा गार्ड की व्यवस्था की गई है, जो बदमाशों के सामने असहाय व कमजोर पड़ जाते हैं। चंद्राकर ने आगे कहा कि विगत दिनों कोलकाता के एक जूनियर लेडी डाक्टर के साथ घटित भयावह घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। इस घटना ने देश के हर नागरिक को व्यथित व दुःखी कर दिया था। घटना के बाद देश भर के अस्पतालों में कार्यरत लेडी डाक्टरों व स्टाफ नर्स की सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। उक्त घटना के बाद अस्पताल में कार्यरत लेडी डाक्टरों व नर्स की सुरक्षा को लेकर डॉक्टरों ने आंदोलन भी किया था। जिसमें महासमुंद जिले के डाक्टर व नर्स भी शामिल हुए थे। जिसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 22 अगस्त 2024 को प्रदेश के समस्त सरकारी अस्पतालों में हथियार बंद रिटायर्ड आर्मी के जवानों को तैनात करने की बात कही थी। लेकिन, लगभग डेढ़ माह बाद भी मुख्यमंत्री के उक्त बातों पर अमल नहीं किया गया है। आर्मी के रिटायर्ड हथियार बंद जवान तो दूर पुलिस जवानों की ड्यूटी तक नहीं लगाई गई। मुख्यमंत्री द्वारा कही गई सरकारी अस्पतालों में हथियार बंद रिटायर्ड आर्मी के जवानों की तैनाती की बात भी हमेशा की तरह केवल जुमला ही साबित हुआ है।चंद्राकर ने कहा कि जिलेवासियों की मांग पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महासमुंद जिले को मेडिकल कालेज की सौगात दी। मेडिकल कालेज को सुचारू रूप से संचालित करने विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए वैकेंसी भी निकाली गई। लेकिन, सरकार बदलने के बाद सभी निविदाएं निरस्त कर दी गई। जिला अस्पताल में 150 स्टाफ नर्स की आवश्यकता है। लेकिन, केवल 42 नर्स ही सेवारत हैं। जिसमें से 4 नर्स पढ़ाई करने अन्यत्र चली गई हैं। ऐसी जानकारी भी मिली है कि 4 नर्स और पढ़ने बाहर जाने वाली है। 2 नर्स को जीएनएम कालेज में अटैच किया गया है। अब केवल 32 नर्स ही दिन-रात ड्यूटी दे रही हैं। एक नर्स पर 25-30 मरीजों का भार है। कई बार स्टाफ नर्स की भर्ती के लिए कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार का ध्यानाकर्षण भी कराया है।

